**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–02 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–शीघ्र ही देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनेगा उत्तर प्रदेश, एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का भी किया दावा।
- मुख्यमंत्री ने बरेली से किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, नौ सौ तैंतिस करोड़ रुपये की एक सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं की दी सौगात, कहा–बरेली ने बनाई है एक नई पहचान।
- लोकसभा में आज पेश किया जाएगा वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस, केंद्र सरकार ने विधेयक संबंधी भ्रांतियों का किया खंडन।
- आईपीएल दो हजार पचीस में पंजाब किंग्स की टीम ने लखनऊ की सुपर जायंट्स की टीम को आठ विकेट से दी शिकस्त।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश शीघ्र ही देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनेगा। एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सफल हुई है।

**मेरा अनुमान है कि बहुत शीघ्र उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनेगा। और उत्तर प्रदेश की यहां की जो पर कैप्टा इन्कम है, नेशनल एवरेज के बराबर भी आने में सफल होगा। और उस दिशा में जो प्रयास आज डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंदर किये हैं उसके परिणाम हम सबके सामने हैं।**

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे लीडर हैं। प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और नेतृत्व उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिलाने में सफल हुआ है। विकास के लिए स्थिरता नितांत आवश्यक है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बरेली में नौ सौ तैंतिस करोड़ रुपये की एक सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही बरेली के कॉलेज मैदान में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा लगाई गई विकास योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में बरेली ने एक नई पहचान बनाई है।

**आज बरेली विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। इन्फ्रास्ट्रक्चर का नया मॉडल दे रहा है। अपनी नाथ नगरी की पहचान को पिछली सरकारों ने बरेली को झुमका के साथ जोड़ा था। हम लोगों ने बरेली को नाथ नगरी के रूप में नाथ कॉरिडोर देकर के आपको आपकी पौराणिक पहचान। दिलाने का काम किया है। पिछली सरकार आपकी पहचान किस रूप में प्रस्तुत की थी और हम लोगों ने आपकी पहचान को नाथ नगरी के रूप में प्रस्तुत करके अब विकास के एक नए मॉडल के रूप में बरेली को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज बरेली में निवेश आ रहा है। आज यहां पर इंडस्ट्री लग रही है।**

मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही प्रदेश में तीस अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की भी शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने पूरे प्रदेश के लिए बरेली से दो हजार पांच सौ चौवन नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों को प्रदेश में जड़ से खत्म करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं।

**स्वास्थ्य ये किसी भी सभ्य समाज के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितनी शिक्षा है और उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें उस प्रकार के केन्द्र मिले। बीमारियों की महामारियों के बचाव के लिए जागरूकता से अभियान आगे बढ़ेगा और आज उत्तर प्रदेश सरकार संचारी रोग नियंत्रण के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है।**

प्रदेश के सभी जिलों में संचार रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बरेली से 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत की। पिछले साल एक करोड़ इक्यानवे लाख बच्चों को डीबीटी के जरिए एक हजार दो सौ रुपये प्रति बच्चा उनके अभिभावकों के खाते में भेजे गए। श्री योगी ने कहा कि पीएमश्री योजना के तहत एक हजार पांच सौ विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है।

**पीएमश्री योजना के अंतर्गत पंद्रह सौ विद्यालयों को कल्प भी कर रहे हैं। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को आठवीं से लेकर बारहवीं तक गरीब कन्याओं की उत्तम शिक्षा का केंद्र बना रहे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में भी एनसीईआरटी के ही पाठ्यक्रम को लागू कर सके। ये कार्यक्रम अलग अलग स्टेज पर आगे हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने का कार्यक्रम आज बेसिक शिक्षा परिषद आगे बढ़ाने का काम कर रहा है तो अब हम लोग अगले चरण में आ गए हैं।**

इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी स्कूल चलो अभियान संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**********

प्रदेश में कल से अनधिकृत ई–रिक्शा व ऑटो के खिलाफ अभियान की शुरुआत हुई। यह तीस अप्रैल तक चलेगा। अभियान के पहले दिन राज्य में नौ सौ पंद्रह ई–रिक्शा सीज किए गए और तीन हजार पैंतिस का चालान किया गया। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि पूरे माह अभियान की नियमित मॉनिटरिंग होती रहेगी।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सदन में विधेयक पर चर्चा के लिए आठ घंटे आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि विधेयक का उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं, बल्कि न्याय देना है।

**ये तो पहले ही टेबल हो चुका है, जेपीसी से वापस आया है। जहां तक फॉर्मेलिटी है वो तो अभी चर्चा कब होता है मुझे पता नहीं है लेकिन ये जो मिसलीड कर रहे थे तो ये किसीका प्रॉपर्टी हम वापस लेने का बात नहीं किए हैं। आइदर माइनॉरिटी और मेजोरिटी का।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस विधेयक के बारे में एक विशेष अल्पसंख्यक समूह को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड के काम को सुव्यवस्थित करना और वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। विधेयक को पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे आगे विचार के लिए, भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में संयुक्त संसदीय समिति को सौंपा गया था।

**********

आईपीएल दो हजार पचीस के तेरहवें मैच में कल पंजाब किंग्स की टीम ने लखनऊ की सुपर जायंट्स की टीम को आठ विकेट से हरा दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गये इस मैच में सुपर जायंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट पर एक सौ इकहत्तर रन बनाए। जवाब में सत्रहवें ओवर में ही पंजाब किंग्स की टीम ने एक सौ बहत्तर रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। आईपीएल में पंजाब किंग्स की टीम की यह दूसरी जीत है।

**********

पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आये चिली गणराज्य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट प्रतिनिधि मण्डल के साथ आज आगरा जिले में ताजमहल देखने जाएंगे। हमारे आगरा प्रतिनिधि ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच वह दोपहर दो बजकर चालीस मिनट पर आगरा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उनका स्वागत करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा और पांचवे स्वरूप स्कंदमाता से जनकल्याण की कामना की है। उन्होंने दो अलग अलग सोशल मीडिया पोस्ट में देवी के दोनों स्वरूपों को याद करते हुए प्रदेश के कल्याण के लिए प्रार्थना की है। इस बीच, प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों और माता के मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं।

**********

रामनवमी पर परिवहन निगम अयोध्या के लिए करीब एक सौ बीस बसों का संचालन करेगा। इनमें से सबसे अधिक बसों का संचालन पड़ोसी जिले के बस्ती और गोंडा मार्ग पर होगा। यह जानकारी अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम के साकेत पेट्रोल पम्प ओवरब्रिज के नीचे अस्थाई बस स्टॉप भी बनाया जाएगा। बसों की जानकारी के लिए यात्री कंट्रोल रूम के नंबर आठ सात दो छह शून्य शून्य पांच एक एक पांच पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**********

प्रदेश में अल्प विकसित और मलिन बस्तियों की सूरत बदलने के लिए बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इसी के तहत लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, रायबरेली, कन्नौज सहित सत्रह जिलों में दो सौ पचास से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस संबंध में वित्तीय स्वीकृति के साथ कई जिलों के लिए धनराशि भी जारी कर दी गई है।

**********